डिजिटल इंडिया कारपोरेशन
परिचालन विवरणपत्र

1. बुनाई/ उरतु

डिजिबुनाई का **'बुनाई'** मॉड्यूल, वीव डिजाइनिंग की शुरुआत है। डिजिबुनाई केड सॉफ़्टवेयर में कोई भी डिज़ाइन बनाने से पहले, इस मॉड्यूल में विभिन्न प्रकार के वीव तैयार किये जाते हैं । इस मॉड्यूल में सबसे पहले **'फ़ाइल'** में जाकर, वीव का आकार (ताना,बाना, शाफ्ट्स, ट्रेडल आदि की संख्या) निर्धारित किया जाता है, उसके बाद वीव को विभिन्न रंग के रंगो से भरा जाता हैं। अब फैब्रिक का पूरा दृश्य देखने के लिए तैयार है, हम **'व्यू'** में जाकर फैब्रिक के विभिन्न दृश्य देख सकते हैं।

- वीव बनायें



- वीव का रिपीट देंखें



- सिंगल (एकल) वीव द्वारा मल्टीपल (एकाधिक) वीव बनाएं



- डबल(दोहरा) क्लॉथ(कपड़ा) बनायें



- अतिरिक्त ताना डिजाइन बनाएँ



- कलरवेज पैटर्न बनाएँ



- वीव एंड फैब्रिक व्यू(दृश्य) देंखें



- वीव, फैब्रिक, टेक्निकल शीट का निर्यात और प्रिंट करें



2. आर्टवर्क डिज़ाइनर (ए. डी)

जैक्वार्ड डिजाइन का निर्माण:

डिजिबुनाई में जैक्वार्ड डिजाइन तैयार करने के लिए दो मॉड्यूल है। ये आर्टवर्क डिजाइनर और फैब्रिक निर्माता हैं। दोनों मॉड्यूल में डिज़ाइन को ग्राफ में परिवर्तित करने की सुविधा हैं, जिससे हाथ एवं मशीन द्वारा कार्ड्स की पंचिंग की जा सकती हैं। यह इलेक्ट्रॉनिक जैक्वार्ड द्वारा डिज़ाइन को वीव करने हेतु स्पलिट ग्राफ भी बनाता हैं। उपयोगकर्ता फैब्रिक क्रिएटर में जाकर बनने वाले फैब्रिक के विभिन्न दृश्यों को देख सकता हैं ।

"ए. डी." स्केच से ग्राफ़ मोड पर काम करता है। इसका उपयोग स्केच को कार्य करने योग्य डिज़ाइन के रूप में परिवर्तित करने के लिए किया जाता हैं। इसके लिए सबसे पहले '**फाइल**' में जाकर स्केच को '**आयात**' किया जाता हैं, एवं '**एडिट**' में जाकर डिज़ाइन का आयाम(डायमेंशन) निर्धारण, रंग कम करना, डिज़ाइन में सुधार, वीव भरना, ग्राफ सुधार आदि कार्य किये जाते हैं। इसके उपरांत **'व्यू'** में जाकर डिज़ाइन के विभिन्न दृश्यों को देखा जा सकता हैं।

- एक स्कैन किए गए डिज़ाइन को आयात करें

- डिजाईन का आकार बदलें



- डिज़ाइन के रंगों को काम करें



- डिजाईन के ग्राफ को सम्पादित करे और फ्लोट का सुधार करें



- डिजाईन में कलर भरें



- डिजाईन में वीव पैटर्न भरें



3. फैब्रिक क्रिएटर (एफ. सी.)

"एफ. सी." आर्टवर्क से फैब्रिक मोड पर कार्य करता हैं । इसके द्वारा विभिंन प्रकार की वीव, डिज़ाइन में रंग के आधार पर भरी जाती है एवं वीव भरते समय डिज़ाइन की सीमाओं को विकृत होने से सुरक्षित किया जाता हैं ।

इस मॉड्यूल में, हम विभिन्न प्रकार के सुधार और चयन जैसे बुनाई पैटर्न, ग्राफ सुधार, यार्न रंग परिवर्तन, यार्न रंग अनुक्रमण, आदि किये जा सकते हैं। इस मॉड्यूल में फैब्रिक के विभिंन दृश्यों को देखा जा सकता हैं, तथा '**यूटिलिटी**' में जाकर फैब्रिक के उत्पादन में प्रयुक्त धागो के उपयोग एवं उत्पादन मूल्य की गणना की जा सकती हैं ।

➢ फैब्रिक बनायें



➢ धागे के गुण को परिवर्तित करें (धागे का प्रकार, धागे का काउंट, कलर)



➢ डिजाईन के रिपीट सेट करें



➢ फैब्रिक का घनत्व सेट करें



➢ डिजाइन ग्राफ एडिटिंग, फ्लोट डिटेक्शन और फ्लोट बाइंडिंग



➢ फैब्रिक का दृश्य



➢ फैब्रिक को ऑब्जेक्ट पर देखें

➢ फैब्रिक सिमुलेशन देंखें

➢ इलेक्ट्रॉनिक जैक्वार्ड के लिए डिज़ाइन कार्ड देखें



4. गारमेंट दर्शक

"गारमेंट दर्शक" मॉड्यूल का उपयोग विभिन्न परिधान के लेआउट देखने के लिए किया जाता है। यह कपड़े पर डिजाइन के विभिन्न अभिविन्यास को देखने की भी सुविधा प्रदान करता है। जिन्हे आवश्यक्ता के अनुसार को सेव (सुरक्षित) और निर्यात किया जा सकता हैं।

- एक गारमेंट लेआउट बनाएँ

- लेआउट(खाका) का चयन करें



- लेआउट(खाका) के भाग को जोड़ें और घटायें



- लेआउट(खाका) में फैब्रिक भरें



- धागे का कलर बदलें



- डिज़ाइन को घुमाएँ और रिपीट करें



- डिजाईन का घनत्व बदलें



- डिजाईन ग्राफ, लेआउट और टेक्निकल शीट को निर्यात करें ,